तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 2 जून 2025



14 ट्रैक्टर ट्राली, बाइक एवं मिक्सर मशीन की ...





14 कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ रैली






## खबर संक्षेप

### पीएमश्री दुर्गूकोंदल में मना तम्बाकू निषेध कार्यक्रम, ली गई शपथ



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन के उपस्थिति में प्राचार्य अजय नेताम के मार्गदर्शन में विश्व तम्बाकू निषेध अभियान के तहत तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम किया गया। संस्था के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों के द्वारा तम्बाकू नियंत्रण का शपथ लिया गया। एसएमडीसी अध्यक्ष अशोक जैन ने छात्रों को तम्बाकू के सेवन से बचने के लिए आवश्यक जानकारी दिया और तम्बाकू सेवन को छोड़ने उपाय भी बताए। प्राचार्य ने तम्बाकू सेवन हानिकारक होता है, फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, और अन्य गंभीर बीमारियाँ होती है।

### दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**चारामा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण के तहत 2008 सेटअप के विरुद्ध शिक्षकों को अतिशेष बताकर दोषपूर्ण काउंसिलिंग प्रक्रिया अपनाकर पदस्थ शाला से अन्यत्र स्थानांतरित किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया में कांकेर जिले में 2 जून को अतिशेष शिक्षकों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया है। छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच विकासखंड चारामा जिला कांकेर में होने वाले कॉउंसिलिंग का विरोध करते हुए बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। 2 जून को जिला कांकेर के दो अलग अलग जगह में काउंसलिंग करने का आदेश प्राप्त हुआ है, लेकिन समाचार लिखे जाने अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी नहीं की गई है और न ही दावा आपत्ति के लिए समय गया है और न रिक्त पदों जानकारी भी नही दी गई है। माध्यमिक शालाओं में विषय विरुद्ध भर्ती किया गया, लेकिन विषय को आधार बनाकर अतिशेष किया जा रहा है। संघ पदाधिकारियों, संकुल समन्वयकों को भी अतिशेष की श्रेणी में रखा गया है और वर्तमान में साय सरकार द्वारा पांच हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की गई है जो समझ से परे है, क्योंकि वर्तमान में पदस्थ शिक्षक अतिशेष हो रहे है और अतिशेष शिक्षकों के लिए जगह भी नहीं है ऐसे में नई शिक्षकों भर्ती कहा और कैसे होगी। इस प्रकार के दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में जिला संचालक स्वदेश शुक्ला के नेतृत्व में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सावित्री मनोज मंडावी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला सहसंचालक पुरषोत्तम सोनवंशी, राजेन्द्र खुडश्याम, मनीष तिवारी, ब्लॉक संचालक बोधन साहू, ब्लॉक सह संचालक चिन्तामणि यादव, मिथलेशकर शर्मा, हरि सौंदर्य, शिव सिन्हा, घनश्याम सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### फिट इंडिया पर विद्यार्थियों ने निकाली साइकिल रैली

**जगदलपुर।** विद्यालय डीएवी स्कूल नकटी सेमरा में फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना और शरीर को फिट रखना है। विद्यालय परिसर में शुरू हुई। इस रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश कुमार तथा स्कूल के सभी शिक्षक संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राएं हाथों में रंग-बिरंगे पोस्टर लिए थे जो फिटनेस का संदेश दे रहे थे।

---

**आपरेशन : पुलिस की जंगल में लगातार गश्त जारी, बना हुआ है दबाव**

# माओवादियों की टीसीओसी के तीन माह गुजरे, नहीं जुड़े स्थानीय युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

■ दहशत के चलते माओवादी से नहीं जुड़ पा रहे, भर्ती पर लगा विराम

नक्सली मार्च में महिला दिवस के बाद से चलाए जाने वाले टीसीओसी याने टैक्टिकल काउंटर ऑफेंसिव कैंपेन की शुरुआत करते है और जून माह में खत्म होता है। टीसीओसी मार्च में शुरू करते है, परंतु इसकी तैयारी जनवरी से कर देते थे। जनवरी और फरवरी में गाँव गाँव बैठक लेकर संगठन के खिलाफ काम करने वालों को चिन्हांकित कर सजा देते थे, जिससे गाँव गाँव में भयबना रहता था। टीसीओसी के तीन माह गुजर गए, परंतु नक्सलियों का मूवमेंट नहीं दिख रहा है। तेंदूपत्ता में आग लगाने की घटनाओं को पुलिस नक्सली घटना नहीं मान रही है और आग की घटनाओं के सबूत पुलिस खंगालने में लगी हुई है।

कांकेर जिले में माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच चल रही जंग से ज्यादातर इलाकों में युद्ध जैसे ही हालात बन हुए थे। मुठभेड़, बम विस्फोट, हत्याओं के बीच माओवादी हर साल रणनीतिक फेरबदल करते रहते है। सामान्यतया माओवादी मार्च में महिला दिवस के बाद से चलाए जाने वाले टीसीओसी की शुरुआत जनवरी और फरवरी माह से करते है, यह दो माह तैयारी करते है, उसे मार्च से लेकर जून तक अंजाम देते रहे है। टीसीओसी के दौरान ही बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर गांव गाँव घूमकर स्थानीय लोगों को अपने संगठन में भर्ती करने का काम करते रहे है। टीसीओसी के दौरान बस्तर संभाग की सबसे बड़ी घटनाओं में 6 अप्रैल 2010 को ताड़मेटला में पैरामिलिट्री फोर्स पर नक्सलियों का बड़ा हमला, 76 जवान शहीद, 25




मई 2013 झीरम घाटी हमला, विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा समेत 30 से ज्यादा कांग्रेसी और जवान शहीद हुए, 11 मार्च 2014 टाहकवाड़ा में नक्सलियों का बड़ा हमला, इसमें 15 जवान शहीद हुए और 12 अप्रैल 2014 दरभा में एंबुलेंस को निशाना बनाया, 5 जवानों समेत 108 एंबुलेंस के पायलट और ईएमटी की मौत रही है।

अफसरों का कहना है कि माओवादियों के टीसीओसी के संबंध में इस बार कोई भी पर्चा बरामद नहीं हुआ है। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद केंद्रीय एवं प्रदेश के गृह मंत्री ने जिस तरह से माओवादियों को खदेड़ने का ऐलान किया है, उसके बाद से फोर्स लगातर जंगलो में जा रही है। फोर्स के लगातार जंगलों में जाने से नक्सलियों में भी दबाव बढ़ा हुआ है। उसी का परिणाम रहा कि इस बार टीसीओसी कार्यक्रम निष्क्रिय रहा। टीसीओसी के तीन माह गुजर गए, परंतु नक्सलियों की उपस्थिति जिले में ▶▶ शेष पेज 12 पर

#### माओवादियों का टीसीओसी

टीसीओसी यानी टैक्टिकल काउंटर ऑफेंसिव कैंपेन, इस दौरान माओवादी गांव-गांव में भर्ती अभियान चलाते हैं। इस दौरान माओवादी बड़े हमले करते हैं। यह मुख्यतः पतझड़ के दौरान होता है, क्योंकि इस वक्त जंगलों में दूर तक नजर रखना आसान होता है। कांकेर के जंगलों में नदी-नालों में जनवरी में पानी काफी नीचे उतर जाता है, ऐसे में जंगलों में मूवमेंट करना आसान हो जाता है। इसके अलावा गांव में भी लोग खेती किसानी से निवृत्त हो जाते हैं, जिससे उन्हें अभियान से जोड़ने में सहूलियत होती है। जनवरी-फरवरी में की गई तैयारियों के बाद पतझड़ के दौरान वे बड़ी वारदात को अंजाम देते रहे हैं।

#### मुठभेड़ से हट रहे हैं पीछे

जिले में आपरेशन में जा रहे पुलिस के अधिकारियों का यहीं कहना है कि माओवादी पहले मुठभेड़ करने में कतराते नहीं थे, परंतु विगत एक साल से माओवादियों को पुलिस के मूवमेंट की जानकारी मिलते ही पीछे हट रहे है। पहले जितनी मुठभेड़ हो जाती थी, अब उतनी नहीं हो रही है। माओवादियों के बड़े लीडर पूरी तरह से भूमिगत हो गए है। बड़े माओवादियों के मूवमेंट की भी खबर जंगलो से बाहर नहीं आ रही है।

---

## युक्तियुक्त कारण के विरोध में जिला स्तरीय प्रदर्शन पर शिक्षकों में दिखा आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

■ जिला स्तरीय काउंसिलिंग का आज किया जाएगा बहिष्कार

प्रदेश शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के समक्ष जिला मुख्यालय पर जिला शिक्षक साझा मंच के बैनर तले 1 जून से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी युक्तियुक्त कारण के विरोध में जिला स्तरीय प्रदर्शन में गहरा आक्रोश दिखा। जिले के समस्त सातों ब्लॉकों से शिक्षक धरना स्थल मिनी स्टेडियम में उपस्थित होकर शासन के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया। युक्तियुक्त कारण के विरोध में जिला स्तरीय प्रदर्शन के प्रथम दिवस शिक्षकों ने उपस्थित होकर विरोध में नारेबाजी करते हुए अपनी बातों को मंच के माध्यम से साझा किया। जिला संचालकों ने मंच के माध्यम से बताया कि 2008 के सेटअप को रद्द करने का छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा आज तक कोई भी आदेश जारी नहीं किया गया है। इसके बावजूद नए सेटअप का जारी करते हुए प्रत्येक प्राथमिक शाला में एक प्रधान पाठक एवं एक शिक्षक वह माध्यमिक शालाओं में एक प्रधान पाठक और तीन शिक्षकों का सेटअप जारी कर दिया गया, जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ के प्रत्येक शालाओं में एक शिक्षक अतिशेष हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के द्वारा आज 2 जून को जिला स्तरीय काउंसलिंग का आयोजन ▶▶ शेष पेज 12 पर

---

## भानुप्रतापपुर परिवहन संघ की मांगों को लेकर हड़ताल जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

परिवहन संघ भानुप्रतापपुर का कच्चे माइंस में परिवहन कार्य को कम कर दिए जाने के चलते परिवहर संघ का अनिश्चतकालीन हड़ताल जारी है। 1 जून को हड़ताल का पाँचवां दिन रहा। 2 जून को एसडीएम कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में भानुप्रतापपुर परिवहन संघ और कच्चे माइंस प्रबंधन के साथ बैठक होगी। इसके पहले दौर का बैठक बेनतीजा रहा था।

परिवहन संघ भानुप्रतापपुर के द्वारा 28 मई से अनिश्चिकालीन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन सुबह राष्ट्रगान से प्रारंभ होकर दिनभर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे है और शाम 5 बजे राष्ट्रगान के साथ समाप्त होता है। परिवहन संघ भानुप्रतापपुर धीरे-धीरे आंदोलन उग्र रूप ले रहा है। प्रशासन के साथ बैठक के बाद आंदोलन को और उग्र करने की रणनीति बना रही है। संघ के द्वारा आगे नगर बंद और चक्का जाम किया जाएगा। इसके साथ ही कानूनी सलाह लेकर जनहित याचिका आदि के बारे में भी विचार परिवहन संघ कर रहा है। भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के कच्चे आरीडोंगरी द्वारा किए जा रहे सौतेले व्यवहार के विरोध में शिवसेना द्वारा अपना समर्थन दिया गया। परिवहन संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का कहना है कि हमारी माँग पर सकारात्मक विचार नहीं किया गया तो यह तय है कि आंदोलन बड़ा रूप लेगा और सामान्य जीवन अस्त व्यस्त होगा।

#### शिवसेना ने दिया समर्थन

शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा ने कहा आरीडोंगरी क्षेत्र में अराजकता की स्थिति पैदा कर रही है। भाई-भाई को लड़ाने का काम कर रही है। शिवसेना सदैव परिवहन संघ के साथ है। शिवसेना भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के आंदोलन का समर्थन करती है। प्रशासन से मांग करती है कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप कर भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के वाजिब मांगों को पूरा किया जाए।

---

## नारा में बैठक के दौरान दो पक्षों में हुआ विवाद, काउंटर केस हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

■ आपस में जमकर हुई मारपीट

थानातंर्गत ग्राम नारा में आयोजित बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हो रही थी। इस बीच गांव के ही दो गुटों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर जमकर लात घुसे बरसाए व हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाले। विवाद के बाद दोनों पक्ष कांकेर थाना पहुंचे एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। दोनों पक्ष की बात सुनकर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे नारा निवासी 54 वर्षीय पेन कुमार जैन पिता स्व. गणेश राम जैन ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 1 जून को सुबह



करीबन साढ़े 10 बजे गांव संबंधी बैठक रखी गयी थी। उसमें शामिल होने गया था। पुरानी बात को लेकर बैठक में उपस्थित महेश पोया, कमल सिन्हा, आशाराम जैन, तोरण लाल सिन्हा व अन्य लोग मुझे देखकर कहने लगे कि यही लोग रामायण मंडली का पैसा चोरी कराए हैं। हमारे खिलाफ बार बार रिपोर्ट लिखाते हैं। ऐसा कहते हुए गाली देने लगे, तब उन्हें गाली देने से मना किया। वे सभी एक राय होकर मुझे गाली देते हुए आज तुझे जान से मार देने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मारपीट को देखकर मेरी पत्नी दीपीका जैन, बेटा उमाकांत जैन एवं भतीजा उमेश जैन बीच बचाव करने आया तो उनके साथ भी धक्का मुक्का कर हाथापाई व मारपीट किए हैं। पुलिस ने आरोपी महेश पोया, कमल सिन्हा, आशाराम जैन, तोरण लाल सिंहा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

दूसरे पक्ष से ग्राम नारा निवासी 54 वर्षीय महेश पोया पिता स्व. बरतिया राम पोया ने पुलिस को बताया कि 1 जून को गांव संबंधी बैठक कलार समाज भवन के सामने में रखा गया था। बैठक सुबह साढ़े 9 बजे थी, जिसमें हम भी उपस्थित था। बैठक में गांव के तोरण सिन्हा, तितरा राम पोया, आशा राम जैन, कमल जैन तथा गांव के अन्य लोग भी आए थे और चर्चा कर रहे थे। तभी करीबन साढ़े 10 बजें उमेश जैन पिता घनश्याम जैन, पेन कुमार जैन पिता ▶▶ शेष पेज 12 पर

---

## अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन में राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के सचिव हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंतागढ़

■ कांग्रेस नेता ने किसानों से किया संवाद

अंतागढ़ में विगत कुछ दिनों से चल रहे रावघाट लौह अयस्क परियोजना में प्रभावित किसानों ने अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन कर रहे है। इस आंदोलन में कांग्रेस पार्टी ने अपना समर्थन देने राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी के नेतृत्व में किसानों से सीधा संवाद किया और विस्तृत जानकारी पूछा।

राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि किसानों के साथ जो अनियमितता की गई है, उसे पार्टी प्रदेश कांग्रेस कमिटी में तथा दिल्ली में राहुल गांधी के समक्ष रख कर उन्हें अवगत कराएंगे और साथ ही विधानसभा और लोकसभा में भी प्रश्न कर उचित मांग रखेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर में पेशा कानून लागू होने के बाद भी बिना ग्राम सभा के सहमति से जमीन अधिग्रहीत कर लिया और यहां तक कि जो वनभूमि स्वामी है उन्हें भी अधिग्रहित कर हर्जाना के रूप में सिर्फ निम्न दर पर क्षतिपूर्ति राशि दी गई, जबकि किसान भी मुआवजा का हकदार था। इसी तरह कुछ किसानों को पता भी नहीं है और उनकी ▶▶ शेष पेज 12 पर

---

### यातायात टीम ने किया पैदल मार्च, की कार्रवाई

**कांकेर।** जिले की यातायात टीम यातायात को व्यवस्थित करने के लिए देर शाम पैदल मार्च निकाला और इस दौरान यातायात बिगाड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई भी की गई। शाम होते ही यातायात व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए लोग जहाँ चाहे, वहाँ वाहन खड़ा कर देते है। यातायात को ठीक करने के लिए शहर में पैदल मार्च कर रहे हैं। यातायात टीम का यहीं कहना है कि वाहनों को सड़क किनारे न खड़ा करे, ऐसा करने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ती है।



### बाइक की ठोकर से बुजुर्ग की मौत, चालक पर अपराध दर्ज

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत 70 वर्षीय सोनुराम साहू पिता स्व. आत्माराम का सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने से मौत हो गयी। जैतानवागांव निवासी सोनुराम साहू पिता बुधराम ने पुलिस को बताया कि मोटर सायलक क्रमांक सीजी 19 बीओ 5756 के चालक भुनेश्वर गावड़े द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से सोनुराम साहू की 31 मई को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।




विवेचना में पाया गया कि आरोपी मोटर सायकल क्रमांक 19 बीटी 5756 का चालक भुनेश्वर गावड़े ने अपनी वाहन तो तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसे ठोकर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

---

**जिम्मेदारी के अच्छे निर्वहन से सशक्त होगा पंचायती राज**

# पंचायतों को मजबूत करने में सरपंच की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

■ सरपंचों का किया गया सम्मान

विकासखंड कांकेर के सरपंच संघ के अध्यक्ष विष्णुराम नेताम के द्वारा सरपंचों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकासखंड कांकेर के सभी सरपंचों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने कहा कि पंचायतों को मजबूत करने की जिम्मेदारी आपके कंधे में है, इसे सही ढंग से निर्वाह करेंगे, तभी पंचायत राज सशक्त होगा। विकासखंड कांकेर के माकड़ीखूना के गोंडवाना भवन में 31 मई को आयोजित कार्यक्रम में विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि आप गांव के पंचायत प्रतिनिधि है, सभी को मिलकर पंचायतों को मजबूत बनाने की जरूरत है। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि विकासखंड कांकेर के सभी सरपंच



शामिल होकर एकजुटता का परिचयत दिया है। पंचायत सशक्त होंगी, तभी गांव का विकास होगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि मैं 1994 में जिला पंचायत सदस्य रह चुका हूँ। पंचायत जनप्रतिनिधियों को भर्ती प्रकिया में भी शामिल किया जाता था, परंतु यह सब रूक गया है। आप सभी लोग ग्राम पंचायत में प्रस्ताव लेकर अपने आपको मजबूत करने की जरूरत है। सरपंच संघ के अध्यक्ष विष्णुराम नेताम ने कहा कि आप सभी सरपंच ने मुझे जो दायित्व दिया है, उसको ईमानदारी से निभाने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विधायक एवं वरिष्ठों के मार्गदर्शन में पंचायतों को मजबूत करने के लिए सभी सरपंच के साथ सदैव खड़ा रहूँगा। अतिथियों में मत्सय कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व विधायक संतराम नेताम, बीरेश ठाकुर, हेमंत ध्रुव ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन सरपंच संघ के प्रवक्ता हदयराम शोरी ने किया।



#### ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में युवक कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव पूर्णचंद्र पाढ़ी, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव जनकनंदन कश्यप, सरपंच संघ के उपाध्यक्ष कलीराम उइके, परमीला शोरी, सचिव सूर्या नेताम, कोषाध्यक्ष कुमार मरकाम, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, उपाध्यक्ष तारणी ठाकुर, हेमलता धरत, राजू नेताम, यासीन कराणी, रोमनाथ जैन, पार्षद चंद्रलोक ठाकुर, मनोज जैन, पुरूषोत्तम पाटिल, खोमेंद्र उइके, राजेंद्र दुबे, सुरेश नाग, नरोत्तम पटेल, शिवांकित श्रीवास्तव, आदर्श गुप्ता, नरेश तुलावी, बसंत साहू एवं समस्त सरपंचगण उपस्थित रहे।

---

## सूने घर से नकद व आभूषण समेत 2 लाख 80 हजार की हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

बांदे थानांतर्गत पीवी 102 कृषकनगर में दिनदहाड़े घर के आलमारी में रखे नकद व सोने चांदी के जेवरों को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। चोर ने कुल 2 लाख 80 हजार रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने पहले तो गांव में बैठक के माध्यम से चोर का पता तलाश किया। लेकिन पता नहीं चलने पर तीन दिन बाद थाना में शिकायत दर्ज कराया।

बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 102 कृषकनगर निवासी 31 वर्षीय कौशिक पोद्दार पिता पियुष पोद्दार ने पुलिस को बताया कि दूध का व्यवसाय करता हूं। पिता पीयुष पोद्दार के नाम से प्रधानमंत्री आवास मिला हुआ है, जिस कारण से मेरे घर में भवन



■ चोर की तालाश में जुटी पुलिस

निर्माण का काम चल रहा है। 28 मई बुधवार को सुबह करीबन साढ़े 11 से ढाई बजे तक अपनी पत्नी बासी पोद्दार के साथ घर के पीछे खेत में बाड़ी घेरा लगाने का काम कर रहे थे। मेरे पिता गांव के दुकान में बैठे थे। दोपहर ढाई बजे मैं और मेरी पत्नि वापस अपने घर आए। मेरी पत्नी से दो हजार रुपए मांगा। मेरी पत्नि बासी पोद्दार घर के अलमारी को रुपए निकालने ▶▶ शेष पेज 12 पर

## अंचल की खबरें

### भाजपा जिलाध्यक्ष की पहल पर धमतरी-नगरी मार्ग को मिली 60 करोड़ की मंजूरी



नगरी। सुशासन तिहार के अंतिम दिन धमतरी पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस द्वारा उठाई गई महत्वपूर्ण मांग धमतरी से नगरी मुख्य मार्ग के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण पर त्वरित निर्णय लेते हुए 60 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। यह फैसला न केवल क्षेत्र के नागरिकों के लिए राहत की सौगात है, बल्कि मुख्यमंत्री की जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता और जिलाध्यक्ष बैस की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। मुख्यमंत्री के इस फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, सभापति अजय ध्रुव, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, विकल गुप्ता, रविशंकर दुबे, मोहन नाहटा, महामंत्री रूपेंद्र साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सिहावा विधानसभा क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रकाश बैस का आभार माना।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पर दी त्वरित स्वीकृति

### कलारतराई में मनी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती



धमतरी। ग्राम पंचायत कलारतराई में अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गई। पंचायत में सुबह 10 बजे पंचायत पदाधिकारी व ग्रामीणों ने अहिल्याबाई के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की। उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने कहा कि उदारता, न्यायप्रियता तथा धर्म-कर्म कर्तव्यों के कारण देवी अहिल्याबाई को लोकमाता का दर्जा दिया गया है। लोकमाता का नाम भारत के स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा और उनका जीवन चरित्र हमें किसी भी विपत्ति काल में साहसी एवं सहनशील बने रहने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर सचिव चुन्नीलाल साहू, रविप्रकाश सेन, विष्णु साहू, डागेंद्र साहू, सुशीला साहू, कुंती साहू, धनेश्वरी सिन्हा, भोजबाई साहू, रामकुमारी साहू, रामकुमारी मारकंडे, टमिन निर्मलकर, धर्मवीर साहू, तरुणा सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

### गोकुलपुर वार्ड में विशाल ओवरहेड टैंक का शुभारंभ



धमतरी। गोकुलपुर वार्ड में वर्षों से चली आ रही जल समस्या का समाधान अब निकट आ चुका है। महापौर श्री रामू रोहरा एवं जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने 1050 किलो लीटर क्षमता वाले ओवरहेड टैंक का शुभारंभ किया। इस टैंक के उद्घाटन से गोकुलपुर वार्ड के हजारों निवासियों को प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह टैंक जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि टैंक की क्षमता इतनी है कि पूरे वार्ड में लगातार जल आपूर्ति की जा सकेगी, जिससे अब लोगों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने भी इस प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। यह टैंक आधुनिक तकनीकों से लैस है, जिससे जल की गुणवत्ता भी बनी रहेगी। यह परियोजना नगर निगम की योजनाबद्ध विकास नीति का एक और उदाहरण है, जिसमें नागरिकों की प्राथमिक आवश्यकताओं को सर्वोपरि रखा गया है।

### अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर फल का वितरण



धमतरी। अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर पुण्य श्लोक लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह आयोजन समिति द्वारा एक्जेक्ट फाउंडेशन रुद्री के अशक्त एवं विकलांग बच्चों को तथा वृध्दाश्रम रुद्री में फल का वितरण किया गया। मौके पर धनेश्वर निर्मलकर जिला कार्यवाह, नीलेश राजा पूर्व पार्षद, महेश शर्मा जिलाध्यक्ष आयोजन समिति धमतरी, श्रीमती चेतना रणसिंह जिला सचिव, मनोज साहू शाखा कार्यवाह दानवीर भामाशाह प्रभात शाखा रुद्री, शंकर साहू, गोपाल खण्डेलवाल, शंकर साहू, राधेश्याम साहू, वैष्णवी शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम में एक्जेक्ट फाउंडेशन की संचालिका श्रीमती लक्ष्मी सोनी का सहयोग रहा।

### उप स्वास्थ्य केंद्र बारना को उच्चतम अंक मिला



कुकरेल (धमतरी)। गत दिनों उपस्वास्थ्य केंद्र बारना ने एनक्यूएएस राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक मापदंड में उच्चतम स्थान प्राप्त किया। यह भारतीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और सुधारने के लिए विकसित एक ढांचा है। मौके पर सीएचओ डोनेश्वरी साहू, आरएचओ तीरथराम साहू, अंजली सिंह, सरपंच दीपक कुमार पटेल, उपसरपंच मनीष पटेल, कमलेश बघेल, लोकेश्वर यादव, दिनेश यादव, दिलीप निषाद, ललित साहू, शुभम सोनवानी उपस्थित थे।

देखरेख के अभाव में सोढूर बांध में बनी कॉलोनी के भवन हुए जर्जर, रोड की स्थिति खराब

# कॉलोनी में बने मकान से लाखों के सामान की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





नगरी विकासखंड के अंतिम छोर में सोढूर बांध बना हुआ है। सोढूर बांध से हर गांव के अंतिम छोर तक गर्मी के दिनों में तालाब के लिए पानी दिया जाता है। रबी फसल के लिए किसानों को खेती कार्य के लिए पानी दिया जाता है। बांध का भूमिपूजन सन 1977-78 में मध्यप्रदेश शासनकाल में मुख्यमंत्री बिरेंद्र कुमार संकलेचा, जेलमंत्री पवन दीवान ने किया था। कालोनी का भी विस्तार हुआ था। बांध के निर्माण के बाद से कर्मचारियों के लिए भवन निर्माण किया गया था। कई कर्मचारी रिटायर के बाद अपने घर वापस चले गए। कॉलोनी में 60 से 70 भवन का निर्माण किया गया था, जिसमे 8 भवन खाली पड़े हैं। 23 भवन अति जर्जर हो चुका है। शासन प्रशासन को डिस्मेंटल के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। धीरे-धीरे कॉलोनी के सामान की चोरी होती जा रही है। एंगल तार की चोरी कर ली है। पिछले वर्ष बरसात में देख-रेख के अभाव के कारण दीवार गिर गई। दरवाजा, खिड़की, सीट समेत अन्य सामान गायब हो रहे। विभागीय अधिकारियों कर्मचारी ने बताया कि पुलिस थाना मेचका में इसकी शिकायत दर्ज करवाई गई है। देखरेख के अभाव में कालोनी में बने मकान खंडहर में तब्दील हो रहे। कॉलोनीवासियों का कहना है कि अभी तक शासन की ओर से रिपेयरिंग के लिए पैसा ही नहीं मिला है न विभाग द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है। रिटायर कर्मचारी का कहना है कि कॉलोनी में रोड की स्थिति भी खराब है। गिट्टी ही गिट्टी दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि यह रोड करीबन 10 साल से भी अधिक हो गया है। उच्च अधिकारी को इस ओर देखने की फुर्सत ही नहीं है। कॉलोनीवासियों का दबी जुबान से कहना है कि यहां पर मात्र कॉलोनी है बड़े अधिकारी तो यहां रहते ही नहीं है। छोटे कर्मचारी रहते हैं जिसके चलते शायद उच्च अधिकारी का इस ओर ध्यान नहीं है।

कॉलोनी में निवासरत कर्मचारियों ने बताया कि कॉलोनी घने जंगलों से घिरा हुई है। जंगली जानवरों का खतरा है। कुछ दिन पहले एक व्यक्ति के घर में तेंदुआ ने गाय एवं कुत्ते को मार डाला। कॉलोनी में रात्रि में डर का भय बना रहता है। उन्होंने कॉलोनी के चारों तरफ बाउंड्रीवॉल खड़ा करने की मांग की है। छोटे बच्चों के खेलने कूदने के लिए कॉलोनी में गार्डन बनाने की जरूरत है। रोड की रिपेयरिंग की मांग की। इस संबंध में उच्च अधिकारी श्री सांझी ने बताया कि शासन प्रशासन को स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलने पर रोड, भवन का रिपेयरिंग कार्य किया जायेगा।

## अधूरे पीएम आवास पर चली जेसीबी

- ग्राम पंचायत ने बड़े झाड़ के जंगल की जमीन को कुछ ग्रामीणों को पीएम आवास बनाने दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम पंचायत परसापानी के आश्रित ग्राम अछोली में पिछले वर्ष सात लोगों को ग्राम सभा में प्रस्ताव कर बड़े झाड़ के जंगल में आने वाली जमीन को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए दिया गया था। गौतम मरकाम, बिदेश मरकाम, नवल सिंह मरकाम, मगतू राम मरकाम, राजकुमार सिन्हा, मंगलसिंग नेताम, आनंद राम नेताम द्वारा गरीब लोगों को आवास बनाने के लिए दिया गया था। मगर वहीं पास के खेत जमीन वाले व्यक्ति द्वारा उस जमीन को अपना बताकर प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर तत्काल रोक लगा दी गई। 1 वर्ष से भवन निर्माण कार्य पर रोक लगी है। शुक्रवार को तहसीलदार, आरआई, पटवारी की संयुक्त टीम के द्वारा उस जमीन का कब्जा दिलाया गया। जमीन मालिक ने कब्जा दिलाने के बाद अधूरे प्रधानमंत्री आवास को जेसीबी से तुड़वा दिया।

प्रभारी तहसीलदार नगरी कुसुम प्रधान ने बताया कि न्यायालय प्रक्रिया के आधार पर जमीन मालिक को कब्जा दिलाया गया। अगर वह जमीन सरकारी है तो गांववाले अपील कर सकते हैं। न्यायालय प्रक्रिया के अनुसार उसकी पुनः जांच की जाएगी। पूर्व सरपंच गिरधर लाल मरकाम ने बताया कि बड़े झाड़ जमीन को पंचायत द्वारा गांव के गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए दिया गया था। गांव के पटेल चंदन सिंह मरकाम, कुंवर सिंह, सुरेंद्र कुमार, तोरण, धनुराम, तातू राम, अजय सिन्हा ने बताया कि यह जमीन पूर्वजों के अनुसार उस समय से बड़े झाड़ के जंगल में आती है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम पर चढ़ाई गई है। यह जमीन नक्शा खसरा में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। यह गलत तरीके से उसके नाम पर दर्ज किया गया है।

## नशे से दूर रहने का दिया संदेश



- ब्रम्हाकुमारी संस्थान भखारा ने तम्बाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रैली निकाली गई। रैली ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र से निकलकर नया बस स्टैंड पहुंची वहां से सन्देश देते हुये पुलिस विभाग पहुंची। फिर पुराने बस स्टैंड गई। इस अवसर पर

बी.के. करुणा ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा रैली का आयोजन किया गया, ताकि अनेक लोगों को नशा से मुक्त होने का संदेश दिया जा सके। आगे कहा कि एक व्यक्ति नशा करता है तो खुद का नुकसान करता है और परिवार को भी बर्बाद कर देता है। तंबाकू या सिगरेट एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीरे-धीरे पूरे शरीर को खोखला कर देता है। बीके दुलार ने कहा कि आज हर व्यक्ति तंबाकू सेवन से बचे। आज विश्व में करीब 70 करोड़ लोग और भारत में 35 करोड़ लोग ग्रसित हैं।

डॉ. संतोष ने कहा कि तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं उससे होने वाली बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। लोगों में जागरूकता लाने के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों ने अच्छा पहल की है। मौके पर पुलिस विभाग से ईश्वर साहू एवं हेमराज नेताम समेत अन्य मौजूद थे।

## सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर आधारित फूले पिक्चर का प्रदर्शन 14 जून को होगा



- सर्व अनुसूचित जाति-जनजाति संयुक्त मोर्चा की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर मंगल भवन दानीटोला में सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष भावसिंह डहरे, बौद्ध समाज जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम, अजजा शासकीय सेवक विकास संघ के जिला अध्यक्ष गेवाराम नेताम, सर् वआदिवासी समाज कार्यकारी अध्यक्ष महेश रावटे की उपस्थिति में बैठक हुई। इस दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर आधारित फूले पिक्चर का प्रदर्शन धमतरी जिले में 14 जून को करने का निर्णय लिया गया।

11 जून को छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के बैनरतले अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मौके पर दौलत राम ध्रुव, कृष्णा मरकाम, टीकम सिंह ध्रुव, कलाराम गंगेश, नरेश गावरे, ढालूराम ध्रुव, घनश्याम नेताम, रूपेंद्र बघेल, दीपक सहारे, राकेश वैद्य, दीपक वैद्य, श्री रामटेके, नंदेश्वर सहित कर्मचारी अधिकारी एवं सामाजिकगण उपस्थित थे।

## सैन्य मातृशक्तियों ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

महान समाज सुधारक एवं कुशल प्रशासिका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद सैन्य मातृशक्ति प्रकोष्ठ रायपुर ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर के सभागार में मनाई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शीला शर्मा वरिष्ठ आहार सलाहकार बाल गोपाल हॉस्पिटल रायपुर थी। अध्यक्षता श्रीमती देवकी साहू ने की। विशेष अतिथि श्रीमती पारुल त्रिपाठी थीं। कार्यक्रम में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र बोरिया खुर्द के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। श्रीमती ज्योति साहू ने अहिल्याबाई होल्कर की जीवन शैली पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सूबेदार डीपी पटेल ने कविता के माध्यम से लोगों को देश सेवा के लिए तत्पर रहने की शिक्षा दी। मुख्य अतिथि श्रीमती शीला शर्मा ने बताया कि सैन्य मातृशक्तियों एवं सभी मातृशक्तियों को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के पदचिन्ह पर चलकर समाजहित का कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को संतुलित आहार एवं स्वदेशी अपनाकर पॉलीथिन फ्री पर्यावरण बनाने के लिए अपील की। कार्यक्रम में दो पूर्व सैनिक एवं तीन मातृशक्तियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मोहिनी सोनी ने किया। आभार व्यक्त श्रीमती इंदुप्रभा साहू ने किया। यह जानकारी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद सैन्य मातृशक्ति प्रकोष्ठ रायपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या साहू ने दी।

## पीडीएस चावल की कालाबाजारी सख्ती के बाद भी नहीं रूकी, माफिया हो रहे मालामाल

- चावल खरीदने का पैटर्न बदला, राशनकार्ड दुकान लाओ, थंब लगाओ पैसे ले जाओ
- कालाबाजारी रोकने रणनीति बनाएंगे : एसडीएम पीयूष तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



खाद्य विभाग की सख्ती के बाद भी जिले में पीडीएस चावल की कालाबाजारी थम नहीं रही है। पहले ग्राहक दुकान तक चावल बेचने आते थे। अब अधिकारियों से बचने चावल खरीदने का पैटर्न बदल गया। राशन दुकान तक जाओ, थंब लगाओ और पैसा ले जाओ की तर्ज पर कालाबाजारी हो रही है। अब पीडीएस का चावल कोई भी किराना दुकान, चावल दुकान में नहीं मिलेगा। रात के अंधेरे में सीधे मिलों में जाकर साफ हो रहे हैं और बाजार में नई पैकिंग होकर 55 या 60 रूपए में बेचा जा रहा है।

पीडीसएस चावल की खरीदी 24 या 25 रूपए में हो रही है। साफ करने के बाद सीधे डबल रेट में बेचा जा रहा है। चावल माफिया रातों रात लाल हो रहे हैं। चावल की कालाबाजारी का पूरा एक चैनल है, सेंडिकेट पूरी सिस्टम से काम कर रहा है इसलिए पकड़ से बाहर है।

धमतरी एसडीएम पीयुष तिवारी ने बताया कि पीडीएस चावल की कालाबाजारी रोकने खाद्य विभाग के निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है। लगातार छापामार कार्यवाही चल रही है। पैटर्न बदलने पर नई रणनीति बनाई जाएगी। हर हाल में पीडीएस चावल की कालाबाजारी रोकी जाएगी।

पीडीएस चावल की खरीद फरोख्त शहर के सभी 40 वार्डों में चल रही है। इसके अलावा जिले के सभी गांवों में भी यही स्थिति है। हितग्राही बताते हैं कि सभी परिवारों को 35-35 किलो चावल मिलता है जो खाने योग्य नहीं रहता। प्राप्त चावल को बेचकर खंडा, पौना साफ सुथरा चावल खरीदकर खाते हैं। कुछ मात्रा में आटा बनवाकर भी उपयोग कर लेते हैं, ज्यादातर परिवार चावल को बेच ही देते हैं।

## नारायणपुर के पंडीराम मंडावी को मिला पद्म पुरस्कार



- रायपुर एयरपोर्ट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व विधायकों ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में 68 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया, जिनमें छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के प्रसिद्ध कलाकार पंडीराम मंडावी भी शामिल थे। वे गोंड मुरिया जनजाति से ताल्लुक रखते हैं और पारंपरिक वाद्ययंत्र निर्माण एवं लकड़ी शिल्पकला में उनके अद्वितीय योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किए गए। पंडीराम मंडावी बस्तर बांसुरी के निर्माण के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने लकड़ी पर उकेरी चित्रकारी, मूर्तियां और अन्य शिल्पकृतियों के माध्यम से बस्तर की कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी कला न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि विदेशों में भी बहुत सराही गई है। वे पांच दशकों से बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उसे नई पहचान भी दिला रहे हैं।

इस उपलब्धि पर कांग्रेस महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधायक ओंकार साहू व अन्य विधायकों के साथ नारायणपुर के पंडीराम मंडावी को एयरपोर्ट में बधाई व शुभकामनाये दी और कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है।

## 300 बच्चों को स्वर्ण प्राशन औषधि पिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी एवं शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्ण प्राशन संजीवनी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 300 बच्चों को स्वर्ण प्राशन औषधि पिलाई गई, जिसका उद्देश्य बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है। इस अवसर पर महापौर रामू जगदीश रोहरा, स्वास्थ्य समिति के सभापति नीलेश लूनिया, तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने किया। डॉ. पचौरी ने जानकारी दी कि स्वर्ण प्राशन औषधि बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं रोग प्रतिरोधक विकास में सहायक है। इसके नियमित सेवन से बच्चों में शारीरिक वजन में वृद्धि, कुपोषण में कमी, स्मरण शक्ति का विकास, पाचनतंत्र में सुधार तथा एलर्जी और बार-बार बीमार पड़ने की प्रवृत्ति में कमी जैसे सकारात्मक प्रभाव देखे गए हैं। स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के दिन आयोजित किया जाता है, जिसे आयुर्वेद में विशेष शुभ मुहूर्त माना गया है। यह सेवा निःशुल्क रूप से उपलब्ध करवाई जाती है। कार्यक्रम को लेकर अभिभावकों में भी विशेष उत्साह देखा गया। बच्चों के स्वास्थ्य में हो रहे लाभकारी प्रभावों को देखकर अभिभावकों ने नगर निगम एवं आयुष विभाग की इस पहल की प्रशंसा की है। यह आयोजन न केवल बच्चों के भविष्य को स्वास्थ्य की दिशा में सशक्त बना रहा है, बल्कि समाज में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के प्रति विश्वास और जागरूकता को भी प्रोत्साहित कर रहा है।

### माओवादियों के टीसीओसी...

न के बराबर है। पुलिस भी इस मामले में कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। पुलिस अपनी रणनीति के तहत काम कर रही है, परंतु कुछ बोल भी नहीं रहे है।

### युक्तियुक्त कारण के...

किया जा रहा है, जबकि 1 जून रविवार शाम तक जिले के समस्त सातों ब्लॉक का अतिशेष शिक्षकों की सूची, शालाओं में रिक्त पदों की सूची जारी नहीं की गई है और न ही अतिशेष शिक्षकों के सूची जारी कर दावा आपत्ति का समय ही दिया गया है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए जिला संचालकों ने निर्णय लिया है कि आज 2 जून को आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय काउंसलिंग का बहिष्कार किया जाएगा।

### नारा में बैठक...

स्व. गणेश राम जैन, उमाकांत जैन पिता पेन कुमार जैन एंव दिपीका जैन पति पेन कुमार जैन भी बैठक मे सम्मिलित होने आए। मुझे देखकर गाली गलौज करने लगे। तब उन्हें गाली देने से मना किया तो चारों एक राय होकर मुझे जान से मारने की धमकी देकर

पेज 11 के शेष ...

हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मारपीट को देखकर उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी उमेश जैन, पेन कुमार जैन, उमाकांत जैन, दीपीका जैन 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### अनिश्चितकालीन रेल...

जमीन अधिग्रहीत कर ली गई है। विशेष कर अंतागढ़ से रावघाट के बीच पड़ने वाले गांव के किसानों के साथ उक्त कार्य किया गया जो कि आदिवासी बहुल क्षेत्र है। भाजपा कि विष्णु देव की सरकार जो कि शुरू से ही आदिवासी विरोधी रही है वह अपने स्वभाव के अनुरूप कार्य कर रही। प्रशासन से किसानों की बार बार गुहार लगाने पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाना सरकार की कमजोरी को दर्शाता है।
स्थानीय विधायक व सांसद जिनका गृहक्षेत्र होने के बाद भी सुनवाई नहीं होना उनकी निरंकुशता को उजागर करता है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश चंदेल, मुकेश ठक्कर, दुर्गेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल, पुष्पा ध्रुव, शांति रजक, अरुण नाग, पार्षद राकेश गुप्ता और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सूने घर से...

के लिए खोली तो अलमारी में गृह निर्माण के लिए रखे 1 लाख 30 हजार रूपएं व कान का बाली सोने का तीन जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र दो नग, सोने का अंगूठी दो नग, चांदी का पायल दो नग आभूषणों की अनुमानिक किमत करीबन 1 लाख 50 हजार रूपएं कुल रकम 2 लाख 80 हजार रूपएं आलमारी में नही था।
किसी अज्ञात चोर ने 28 मई को दिन दहाड़े घर के अंदर घुसकर चोरी कर लिया। चोर की पता तलाश के लिए गांव में 29 मई को घर में और 30 मई को स्कूल ग्राऊण्ड के पास मीटिंग कर चोरी हुए संपत्ति की पता तलाश कर रहे थे। फिर भी किसी प्रकार का पता नहीं चलने पर 31 मई को थाना में चोरी का शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 331 (1), 305 (क) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

## खबर संक्षेप

### स्कूल बंद, शराब दुकानें चालू, सरकार की नीति पर उठे सवाल



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार के फैसलों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक ओर सरकार हजारों स्कूलों को बंद कर रही है और शिक्षकों के सेटअप में कटौती करके उन्हें अतिशेष घोषित कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में नई शराब दुकानों के खुलने का सिलसिला तेज़ हो गया है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करना एक छलावा सा प्रतीत हो रहा है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवक कांग्रेस नारायणपुर अभिषेक बाजपेई ने इस मुद्दे पर सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह निर्णय युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा अन्याय है। एक ओर प्रदेश में 57,000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गई थी और रोजगार के वादे घोषणा पत्र में किए गए थे, दूसरी ओर शिक्षकों के पद समाप्त कर उन्हें अतिशेष बताया जा रहा है।

### टूरिज्म को बढ़ावा पर सीएम ने 9 वाहनों की चाबियां सौंपी



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के ग्राम नारायणपाल में शुक्रवार को आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आमजन की समस्याओं एवं लंबित कार्यों की जानकारी लेकर उन्हें शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, वन विभाग बस्तर द्वारा पर्यटन विकास एवं बस्तर में टूरिज्म कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने हेतु ग्राम तीरथगढ़, कमानार एवं कोटमसर के 9 ग्रामीणों को चक्रीय निधि के माध्यम से अर्टिगा, एक्सयूवी 700 एवं बोलेरो जैसे 9 नवीन वाहनों का ऋण स्वीकृत कर वितरण किया गया। इन वाहनों की चाबियां मुख्यमंत्री द्वारा लाभार्थियों को ससम्मान प्रदान की गईं। कार्यक्रम वन बल प्रमुख श्रीनिवास राव, प्रधान मुख्य वन्यजीव संरक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल एवं मुख्य वन संरक्षक बस्तर आरसी दुग्गा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक श्रीमती स्टाइलो मांडवी तथा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक एस. नवीन कुमार शामिल रहे।

### सीजीटीए में राजेश प्रदेश संगठन मंत्री व लुदरसन जिलाध्यक्ष बने

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिशन जिला बस्तर के कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने वर्तमान जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया है व लुदरसन कश्यप को बस्तर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है I संगठन में पदाधिकारियों की नई नियुक्ति से प्रदेश एवं संभाग, जिला एवं ब्लाक पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त है। दोनों पदाधिकारियों को बधाइयाँ एवं शुभकामना सन्देश प्रेषित करने को दौर जारी है। संगठन ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों से संघ को मजबूत बनाने और शिक्षक हित में अपने कर्तव्य का पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा की है।

## सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

# सीईओ ने कहा, हितग्राहियों के आवास निर्माण को जल्द पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

- मुर्गी पालन इकाई, मत्स्य हैचरी, डेनेक्स तथा नक्सल पीड़ित परिवारों के निर्माणाधीन आवासों के हितग्राहियों से किया चर्चा



जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा गीदम ब्लॉक स्थित बड़े कारली, हिरानार, हारम, कासोली ग्रामों का दौरा कर विभिन्न प्रकार के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण तथा स्व सहायता की महिलाओं से रूबरू होकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। सर्वप्रथम सीईओ ने हारम के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही पीसे वेक एवं पायके के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया और दोनों हितग्राही के आवासों को 20 जून तक पूर्ण कराने को कहा।

इस क्रम में यहां रीपा में गुड़ चिक्की निर्माण कर रहे समूह की महिलाओं से चर्चा किया गया। इसके साथ ही उन्होने महिला समूहों के लिए ईंट निर्माण मशीन स्थापित किया जाने तथा इसके लिए मशीन के साइज अनुसार जगह का चिन्हांकित करने के निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छता दीदियों का मानदेय हेतु जीपीडीपी में जोड़ने, उनके आईडी कार्ड, श्रम कार्ड बनाने हेतु श्रम विभाग से पत्राचार करने को भी कहा गया। मत्स्य पालन केन्द्र हारम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारी से मत्स्य बीज उत्पादन की कार्यवाही 15 जून से करने के निर्देश दिए गए तथा स्वाइल टेस्ट हेतु प्राप्त सेंपल का यथासंभव टेस्ट कर किसानों को रिपोर्ट प्रदान करने को कहा। इस क्रम में उनके द्वारा हीरानार स्थित पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से समूहों द्वारा संचालित मुर्गी पालन इकाई का भी निरीक्षण किया गया।

मालूम हो कि उक्त मुर्गी पालन इकाई के द्वारा अण्डा उत्पादन कर आस्था स्कूल में एवं अन्य बाजारों में विक्रय कर अच्छी आमदनी अर्जित की जा रही है। इस संबंध में सीईओ अण्डा उत्पादन हेतु पृथक से इकाई बढ़ाने हेतु अच्छे स्व सहायता समूहों का चिन्हांकन कर प्रशिक्षण देने और 3 साल के लिए एमओयू पहल करने के निर्देश दिए गए ताकि स्व सहायता समूहों को सशक्त किया जा सके। कोरलापाल पहुंचकर सीईओ द्वारा आरती स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा सीमेंट ईंट निर्माण यूनिट का निरीक्षण किया गया, यहां समूह के सदस्यों ने उन्हें अवगत कराया गया है कि उनके समूह द्वारा प्रतिदिन लगभग 2000 सीमेंट इंट का निर्माण किया जा रहा हैं एवं इस उनकी आय में पर्याप्त वृद्धि हो रही हैं। बारसूर डैनेक्स में निरीक्षण के दौरान हितग्राही कुमारी उमेश्वरी ने उन्हें अवगत कराया कि यहां काम करके उसको रोजगार मिल रहा हैं और वे सभी रोज बस से यहां आते हैं और अपने काम से बहुत खुश हैं।

यहां सीईओ ने डैनेक्स में और युवक, युवतियों की आवश्यकता को देखते हुए और प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कर कुल 250 युवक, युवतियों को कार्य पर रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उनके द्वारा छिन्दनार ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया, ग्राम पंचायत के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के मितानिनों का साप्ताहिक बैठक में सम्मिलित होकर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर प्रथम तिमाही में एएनसी जॉच कराने एवं समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टी वेनम मेडिसीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

### दुब्बाटोटा में महिलाओं को दी गई स्वच्छता की जानकारी




**सुकमा।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में महिला बाल विकास विभाग तथा स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से यूनिसेफ द्वारा कोंटा विकासखंड के दुब्बाटोटा ग्राम पंचायत में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता दिवस बड़े उत्साह और सामुदायिक भागीदारी के साथ मनाया गया। यूनिसेफ जिला समन्वयक वॉश कार्यक्रम केशरी साहू द्वारा सत्र की शुरुआत मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व और महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्मान पर इसके प्रत्यक्ष प्रभाव पर एक अभिविन्यास के साथ हुई। प्रतिभागियों को संवादात्मक चर्चाओं, लाइव प्रदर्शनों और भागीदारी गतिविधियों के माध्यम से संवेदनशील बनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मासिक धर्म और मासिक धर्म चक्र की जैविक समझ विकसित करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। जिसमें समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा किशोरी बालिकाएं एवं महिलाओं में स्वच्छता प्रबंधन पर कार्य किया गया।

## अधिकारियों ने मेरे दौरे पर की अनदेखी : गोयल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक का कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में अधिकृत दौरा सम्पन्न हुआ। इस दौरान वे प्रसिद्ध कुटुमसर गुफा में भी पहुंचे। इस दौरान राष्ट्रीय उद्यान के कोई भी अधिकारी उनके अगवानी के लिए नहीं पहुंचे, जबकि दौरा पूर्व लगातार विधायक कार्यालय से वन अधिकारियों से सम्पर्क साधा जा रहा था। परन्तु दौरे के दौरान कोई भी अधिकारी उनसे मिलने नहीं पहुँचा। यह दौरा विधायक के प्रोटोकॉल में उल्लेखित था।

विधायक कुटुमसर स्थित रेस्टहॉउस भी पहुँचे जहां अधिकारी-कर्मचारी तो अलग बात है चौकीदार तक नदारद थे। स्थिति को देखते हुए विधायक ने नाराजगी व्यक्त की है। जब भ्रमण करते हुए विधायक तीरथगढ़ रेस्ट हाउस पहुंचे तो उन्होंने रेंज ऑफिसर बेनी जेकप से सम्पर्क साधा। जेकप ने विधायक के दौरे से स्वयं को अनभिज्ञय बताया। यहां तथ्य यह है कि रेंज ऑफिसर जेकप किसी का फोन नहीं उठा रहे थे, जबकि उनके डिप्टी पितवास भारती फोन पर बात तो कर रहे थे पर स्वयं को विधायक दौरे से दूर रख रहे थे। विधायक ने संशय व्यक्त किया है कि डिप्टी रेंजर को दौरे कि बात मालूम रहा तो रेंजर मेरे दौरे से अनभिज्ञय कैसे थे। सभी को पता था कि मैं कुटुमसर क्षेत्र में जा रहा हूं यहां के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जान बुच कर मेरे दौरे कीनअनदेखी की गई, जो शर्मनाक है। स्थिति कि जानकारी शासन को दी जाएगी ताकि ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। विधायक को स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि यहां के अधिकारी का रवैया गैर जिम्मेदारना रहता है जो अपने कर्तव्यों से बचने के लिए तरह-तरह के बहाने खोजते रहते है। लोगों ने मांग कि है कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए ऐसे अधिकारी कर्मचारियों को तत्काल हटाया जाना चाहिए और ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति होनी चाहिए जो जनभावनाओं व जनप्रतिनिधियों की सम्मान व गरिमा की ध्यान रखे।

## मनोज बने युवा मोर्चा के जिला महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



छात्र जीवन से ही राजनीति की शुरुआत करने वाले मनोज पटेल ने 2004 से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से एक छात्रनेता के रूप में छात्र राजनीति से राजनीति की सफर शुरू की। इस दौरान वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिला महाविद्यालय प्रमुख,विश्वविद्यालय प्रमुख जैसे प्रमुख दायित्वों का निर्वहन किया। छात्र राजनीति में भी पटेल संभाग के सबसे बड़े कॉलेज शासकीय काकतीय महाविद्यालय में एक अच्छी पकड़ बनाई थी,छात्र हित में कई बड़े आंदोलनों में भाग लिया। उसके पश्चात वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से मुक्त होकर 2014-15 में अपने कद और अच्छी राजनीति पकड़ के कारण भाजयुमो जिला बस्तर के जिला मंत्री के रूप में नियुक्त हुए। उसके पश्चात 2018 में भाजपा की सरकार जाने के बाद विपक्ष में युवा मोर्चा की प्रमुख जिम्मेदारी जिला महामंत्री का दायित्व दिया गया। उसमें काफी सक्रियता से धरना आंदोलनों में भाग लिया और एक अच्छी पहचान बना ली। जिसके परिणामस्वरूप भाजपा के नए कार्यकारिणी में मंडल महामंत्री का दायित्व दिया गया। मनोज पटेल का विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के करीबी नेताओं में एवं नगरनार मण्डल के कद्दावर नेताओ में सुमार है। भाजपा में जबसे राजनीति के शुरुवात की है तब एक पदाधिकारी के रूप में इनकी पहचान रही है। भाजपा नगरनार मण्डल की कार्यकारिणी घोषणा उपरांत पदाधिकारियों ने माँ दंतेश्वरी के दर्शन किये। विदित हो कि भाजपा जिला बस्तर ने अपने सभी मंडलो की कार्यकारिणी 28 मई को कर दी है। मंडलों के कार्यकारिणी घोषणा के उपरांत आज नगरनार मण्डल के पदाधिकारी एक साथ मंडल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया महामंत्री, मनोज पटेल एवं राजेश शर्मा के नेतृत्व में दंतेश्वरी मंदिर पहुँचकर दर्शन किया। ततपश्चात सभी पदाधिकारी एक साथ भाजपा कार्यालय पहुंच भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे से भेंट की।

## मातृ शक्तियों की गोद भराई और शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता किरंदुल पहुंचे। नगर आगमन पर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। गुप्ता कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए एवं संगठन के कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा किया।

सुशासन तिहार के तहत आयोजित नगर पालिका किरंदुल में समाधान शिविर में शामिल भी हुए। इस शिविर में जिलाध्यक्ष गुप्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के कर कमलों से मातृ शक्तियों की गोद भराई और नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। तत्पश्चात गुप्ता ने भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ क्रमवार बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा कर विचार विमर्श किया। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर उत्साहवर्धन किया। गुप्ता ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं में जिलाध्यक्ष है। इस कथन से भाजपा के कार्यकर्ताओं में विश्वास एवं उत्साह का संचार हुआ। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने गौशाला का निरीक्षण किया और वहां की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो इस पर चर्चा किया। उन्होंने कहा की भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार को लेकर संकल्पित है और उद्देश्य जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस दौरान किरंदुल नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह, किरंदुल मण्डल प्रभारी सत्यजीत सिंह चौहान, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, मनीष सुराना, शैलेन्द्र सिंह, जितेंद्र गुप्ता, नजमुल हक़, सुनील गुप्ता, आरसी नाहक, अतुल सिंह, डीपी मिश्रा, दीना नाथ ठाकुर, विक्रम नाहक, मोहित धवन, तपन दास, सुखदेव पोयाम, निमाई पाल, पवित्रो जाल, तुलेश्वर निषाद, भावना सक्सेना, शालिनी कर्मा, सरस्वती डहरिया, सुनीता साहु, ज्योत्सना सवाई, अंजली शर्मा, राजेश्वरी, एम सिंधु, छाया गुप्ता एवं पार्षद लक्ष्मी ठाकुर, देवकी ठाकुर यशोदा चुन्नम, रूपारानी एवं राजकुमार सोनी, थॉमस बाबूदुर्गम समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## उत्कल समाज लागातर 4 मैच जीतकर पहुंचा क्वार्टर फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



गांधी मैदान में चल रहे समाजिक एकता टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कल समाज लगातार 4 मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में स्थान पक्का कर लिया है। उत्कल समाज 21 टीमों में शीर्ष पर बना है। शुक्रवार को उत्कल समाज और गुजराती समाज के बीच मुकाबला हुआ। एकतरफा मैच में उत्कल समाज ने एकतरफा मैच में गुजराती समाज को 56 रन पर हराया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी उत्कल समाज के सलामी बल्लेबाज शिव सागर 12 रन पर आउट हो गए। जिसमें उन्होंने 1 छक्का और एक चौका जड़ा। उन्हें गुजराती समाज के गेंदबाज उमेश भानुशाली की गेंद पर नवीन मोतीवाला कैच पकड़ा। उत्कल समाज के गौतम सोनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते 4 चौका 1 छक्का मारते 18 गेंदों में 34 रन बनाए। उन्हें गुजराती समाज के नितेश के बाल पर दीपेश पटेल ने कैच आउट किया। उत्कल समाज के शुभम बेसरा 5 रन बनाकर गुजराती समाज के गेंदबाज तरुण ने बोल्ड किया।

बल्लेबाज राहुल अपने टीम के लिए 17 रनों के योगदान दिया। जिसमे 2 चौका साम्मलित रहा। उन्हें गुजराती समाज के गेंदबाज जय पटेल के गेंद पर दीपक पटेल ने कैच आउट किया। उत्कल समाज के विवेक रावल पिछले मैच में जबर्दस्त रन बनाए थे, उन्हें 5 रन पर सन्तुष्ट होना पड़ा। रावल रन आउट के शिकार हुए। इसी तरह आशीष 5 रन, निशु जीरो रन पर नीरव मोतीवाला ने बोल्ड किया। एक अन्य खिलाड़ी आशीष 8 रन व कप्तान अच्युत सामन्त नॉट आउट रहे। 113 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजराती समाज की पूरी टीम 57 रन पर आल आउट हो गई।

गुजराती समाज के प्रारंभिक बल्लेबाज जय पटेल को उत्कल समाज के गेंदबाज प्रणव ने शून्य पर आउट किया। उत्कल समाज के कप्तान अच्युत सामन्त ने शानदार फील्डिंग करते कैच करते जय को चलता किया। गुजराती समाज के बल्लेबाज दीपेश पटेल भी जीरो पर उत्कल समाज के गेंदबाज प्रणव के शिकार बने। प्रणव ने उन्हें शून्य पर आउट किया। उत्कल समाज के फील्डर गौतम सोनी ने उम्दा क्षेत्ररक्षण करते कैच लपका। इसी तरह गुजराती समाज के बल्लेबाज उमेश भानुशाली अपने टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाए। वे 21 रन बनाए थे कि उन्हें उत्कल समाज के गेंदबाज विवेक रावल की अच्छी गेंद पर शुभम ने कैच लपका।

गुजराती समाज के नीरव मोतीवाला 8 रन का योगदान दिया। उन्हें उत्कल समाज के गेंदबाज विवेक की गेंद पर विवेक रावल ने जबर्दस्त फील्डिंग करते कैच पकड़ा। जबकि गुजराती समाज के बल्लेबाज नितेश सोनी 54 रन पर उत्कल समाज के गेंदबाज गौतम सोनी की गेंद पर राहुल ने कैच लपक उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया। गुजराती समाज के तरुण को उत्कल समाज के शुभम बेसरा ने बोल्ड किया।

## प्राणदायिनी इंद्रावती नदी पर हुई कविता व लेख स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी के जलसंकट पर चिंतन एवं जागरूकता हेतु नारा, कविता और लेख की प्रतियोगिता का आयोजन विगत दिनों साहित्य एवं कला समाज जगदलपुर द्वारा किया गया था। इस प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर विजेताओं और प्रतिभागियों को नगद राशि, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड विंग कमांडर जितेन्द्र प्रसाद पात्रो, रिटायर्ड ले. केएल कोस्टा, जीएल विश्वकर्मा एवं श्रीमती अनिता राज रहे। प्रायोजक साहित्य एवं कला समाज के अध्यक्ष सनत जैन द्वारा मंच संचालन करते हुए बताया कि लगभग 60 से ज्यादा प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया जो कार्यक्रम की भव्य सफलता को इंगित करता है। प्रतियोगिता की विशेष बात यह थी कि सेंन्ट्रल जेल के दो कैदियों ने नारा लेखन व आलेख में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें सुरेन्द्र नाग, कु. अनामिका नेताम, सौमित बसाक, कु. शिवांगी यदु, मनोज पानीग्राही, श्रीमती कामना पाण्डे, श्रीमती करमजीत कौर, विनय श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला, कु. नियति साहू, मोहिब हुसैन, मुकेश कुमार साहू, कु. प्रियंका मरकाम, जितेश कुमार, सुश्री अनिता राज, गणेश लुंकड, मनोज पानीग्राही आदि शामिल रहे। बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स के सहयोग से वहां के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सहयोग नरेन्द्र पाढ़ी एवं श्रीमती ममता जैन द्वारा किया गया।

## शहीद वीर गुण्डाधुर स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का विधायक ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



शहीद वीर गुण्डाधुर स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन चितालंका ग्राउंड में विधायक चैतराम अटामी के नेतृत्व में किया गया। जिसका शुभारंभ विधायक चैतराम अटामी, कलेक्टर कुणाल दुधावत, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में हुआ।

विधायक ने कहा कि खेल एक ऐसी गतिविधि है जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से फायदेमंद होती है। यह लोगों को एक साथ लाता है, उन्हें कौशल विकसित करने में मदद करता है, और उन्हें आनंद प्रदान करता है। विधायक ने कहा कि खेल एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक, और प्रशिक्षित शारीरिक गतिविधि है, जिसमें नियम और रीति-रिवाज होते हैं, अक्सर शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक संबंध में योगदान करते हैं। खेल में प्रतियोगिता, आनंद, या दोनों शामिल हो सकते हैं और यह व्यक्तिगत या टीम के रूप में किया जा सकता है।

इस दौरान जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा,सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, साजन सिंह, निखिल नाग,चंद्रकांत स्वाई, शिव ,बृजेश राणा, हिमांशु परघनीया एवं अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार नहीं, दिखावा तिहार था : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा



राशन में कटौती, सुशासन पर चुप्पी राशन सामग्री समय पर नहीं मिल रही है चना, नमक और गुड़ जैसी आवश्यक वस्तुएँ वितरित नहीं की जा रही हैं ऊपर से राशन में कटौती भी की जा रही है हैरानी की बात है कि सुशासन तिहार जैसे आयोजनों में इस गंभीर मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हो रही है।

छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार इन समस्याओं से निपटने की बजाय 'सुशासन तिहार' मनाने में व्यस्त है आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी तंत्र में व्याप्त घूसखोरी से त्रस्त है, परंतु शासन-प्रशासन अब तक इस पर लगाम लगाने में विफल रहा है विपक्ष का कहना है कि एक ओर जनता न्याय की आस लगाए बैठी है, वहीं दूसरी ओर सरकार उत्सव और प्रचार में मशगूल है। सुशासन तिहार के नाम पर भाजपा सरकार द्वारा विपक्ष की आलोचना करना यदि उद्देश्य बन गया है, तो यह जनता की अपेक्षाओं से भटकाव है विष्णुदेव सरकार में सुशासन का मतलब होना चाहिए जनता की सेवा, पारदर्शिता और जवाबदेही यदि इन मूल्यों की बजाय राजनीति हावी है, तो यह सुशासन नहीं, सिर्फ उत्सव की सियासत है।

सुशासन तिहार या दिखावा भाजपा सरकार के सुशासन तिहार में जनता कम, कर्मचारी ज्यादा नजर आ रहे हैं मंच भरे हैं, लेकिन आम आदमी गायब क्या यही विष्णुदेव सरकार का सुशासन है जहां तिहार जनता के लिए नहीं, बल्कि अफसरों की उपस्थिति गिनने का जरिया बन गया हैं।

कैसा सुशासन तिहार, जब जनता की नहीं हो रही सुनवाई सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है, पर जमीनी हकीकत कुछ और ही है जनसुनवाई के नाम पर लोगों की समस्याएं अनसुनी की जा रही हैं न समाधान हो रहा है, न कोई अधिकारी ध्यान दे रहा है ऐसे में सवाल यह है की क्या यह तिहार महज़ दिखावा है सरकार को जवाब देना होगा कि जब जनता की ही नहीं सुनी जा रही, तो यह कैसा सुशासन। छत्तीसगढ़ में 108 एम्बुलेंस सेवा समय पर नहीं पहुंचने की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं, जिससे मरीजों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया किसान रथ को रवाना

**सुकमा।** विकसित कृषि संकल्प यात्रा का शुभारम्भ सांसद महेश कश्यप ने विकासखंड छिंदगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में किया गया। इस दौरान उन्होंने दो किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर धनीराम बारसे, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, दिलीप पेद्दी, जनप्रतिनिधि सहित तहसीलदार ईरशाद अहमद, सीईओ पीके गुप्ता, उप सहायक संचालक कृषि विभाग पीआर बघेल, कृषि विज्ञान केंद्र, पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। यह रथ निर्धारित शिविरों में जाकर प्रचार प्रसार करेगी। जिले में प्रतिदिन 2 रथ भ्रमण करेगी। इस रथ में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा दृश्य एवं श्रव्य सामग्री का उपयोग किया जाएगा। विकसित कृषि संकल्प यात्रा में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक जैविक खेती, उन्नत बीज, उन्नत कृषि यंत्र संतुलित उर्वरक, जल संरक्षण, मूल्य संवर्धन, पशु पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त होने पर गुरु को दी विदाई

**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गुरू को शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस पर एनएच के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने समारोह आयोजित कर विदाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग कोंडागांव संभाग के कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रज्ञा नंद, एसडीओ जीएस शोरी सहित अधिकारी, कर्मी शामिल रहे।

### बाजार में आया बोड़ा 200 रुपए सोली में खरीदी कर रहे लोग

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में टमाटर की आवक कम होने से मांग बढ़ी, जिसके चलते रविवार को बाजार में टमाटर 20 रूपए किलो बिका है। साथ ही बस्तर जिले के जंगलों से बोड़ा मिलने से बाजार 200 रूपए सोली में बिका रहा है, जहां बोड़ा खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। बाजार में करेला 60, फूलगोभी 60, पत्तागोभी 30, भिंडी 50, आलू 25, प्याज 25, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### डोगाम में जल संरक्षण पर निकाली जागरुकता रैली

**जगदलपुर।** गोद ग्राम डोगाम, जाटम, जगदलपुर, बस्तर में ग्रामीणों को तथा किसानो को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वेटनरी पॉलिटेक्निक द्वारा अंगीकृत गोद ग्राम डोगाम में एक दिवसीय जल संरक्षण पर जागरुकता रैली का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम अंतर्गत वेटनरी पॉलिटेक्निक, जगदलपुर के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गांव के विभिन्न वार्डों में जाकर जल संरक्षण रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया। डॉ. राजेश सुधाकर वाकचौरे , सहायक प्राध्यापक, वेटनरी पॉलिटेक्निक, जगदलपुर ने जल संरक्षण का महत्व समझाया जिसमे बारिश के पानी को इकट्ठा करें। इसका उपयोग पौधों को पानी देने या अन्य घरेलू कार्यों में उपयोग करें, नल और पाइप में रिसाव की मरम्मत करें, फलों एवं सब्जियों की फसलों के लिए टपक सिंचाई और फव्वारा सिंचाई विधि को अपनाएं, जल को बर्बाद होने तथा प्रदूषित होने से रोके। जागरुकता रैली में डॉ. प्रतिभा ताटी, डॉ नविन साहु एवं संकाय सदस्य उपस्थित थे।

### 1624 वाहनों पर किया 56.12 लाख का जुर्माना, सीमावर्ती राज्य के 22 वाहन

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के रायपुर, कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, ओडिशा रोड में वाहन के चालक बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर विभाग के मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने एक माह में विभिन्न सड़कों में चल रही वाहनों की जांच की। इस दौरान सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडीसा आदि राज्यों के 22 सहित 1624 वाहन परिवहन नियमों उल्लंघन करते मिले। ऐसे वाहनों पर 56 लाख 12 हजार 298 रूपए का जुर्माना किया गया।

## कार्रवाई : निशानदेही पर पुलिस ने सामग्री की बरामद

# ट्रैक्टर ट्राली, बाइक व मिक्सर मशीन की चोरी, गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

कांकेर जिले के अलावा अन्य कई जिलों में ट्रैक्टर ट्राली, बाइक एवं मिक्सर मशीन की चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करने में भानुप्रतापपुर पुलिस को सफलता मिली है। चोरों से ट्राली, मिक्सर मशीन एवं बाइक को उनके बताए गए स्थल से बरामद करने में सफलता पाई है। भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने बताया कि थाना भानुप्रतापपुर निवासी ओमप्रकाश नरेटी पिता चनऊ राम नरेटी ने 9 अप्रैल को रिपोर्ट लिखाया था कि मेरे घर के सामने से 1 अप्रैल को अज्ञात चोर मिक्सर मशीन की चोरी करके ले गए है। शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 303 (2), 3,5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी जारी थी। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया। चोरी की पतासाजी के लिए लगाया गया। पता तलाश दौरान आरोपियों का पता चलने पर उनके ठिकानों पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दिया गया तो आरोपियों द्वारा पुलिस टीम को देखकर तुकछिप कर भागने का प्रयास किया जा रहा था। घेराबंदी करके आरोपी निरंजन बजारे पिता विसम्बर बंजारे उम्र 28 वर्ष निवासी चवेला थाना मानुप्रतापपुर, लोकेश जैन पिता आशाराम जैन उम्र 23 वर्ष निवासी घोटिया थाना भानुप्रतापपुर, टाकेश भारती उर्फ अरूण भारती पिता देवसिंह उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम चवेला थाना भानुप्रतापपुर और विदेश सोनवानी पिता दयाल राम सोनवानी उम्र 37 वर्ष निवासी आम पाईकभाटा थाना सिहावा जिला धमतरी को दबोचा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अलग-अलग जिले के किसानों का ट्रैक्टर ट्राली एवं मिक्सर मशीन, बाइक चोरी कर अपराध करना स्वीकार करने से गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।



### गिरफ्तार करने में इनकी रही भूमिका

शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी भानुप्रतारपुर रामेश्वर देशमुख द्वारा गठित टीम प्रधान आरक्षक विजय कटकवार, प्रधान आरक्षक खेमराज नेताम, प्रधान आरक्षक उमित्रा मण्डावी, डावी, आरक्षक टोमन साहू, रामदास कुंजाम, रामचंद कश्यप शामिल रहे।

### आरोपियों के खिलाफ दर्ज मामला

थानाभानुप्रतापपुर के अपराध क्रमांक 120/2024 धारा 379 भादवि., थाना भानुप्रतापपुर जिके अपराध क्रमांक 65/2025 घारा 303(2)3,5 बीएनएस, थाना कोतवाली बालोद के अपराध कक्रमांक 112/2025 घारा 303 (2) बीएनएस, थाना खड़गांव जिला मानपुर मोहल्ला के अपराध क्रमांक 51/2024 धारा 379 भादवि, थाना डौण्डी जिला बालोद के अपराध क्रमांक 45/2025 धारा 303, थाना केशकाल जिला कोण्डागांव के अपराध क्रमांक 53/2025 धारा 303(2) बीएनएस के प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

# वरिष्ठ प्राध्यापक डेहरिया हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



- महर्षि वाल्मीकि कालेज में समारोह का आयोजन

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर कालेज के हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया 31 मई को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त होने पर महाविद्यालय प्रांगण में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

आयोजित विदाई समारोह में प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने श्यामानंद डेहरिया के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी विद्वत्ता और अनुशासन महाविद्यालय के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। वे न केवल एक उत्कृष्ट प्राध्यापक रहे हैं, बल्कि वे महाविद्यालय की साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की आत्मा रहे हैं। उनके सादगीपूर्ण व्यवहार, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण ने उन्हें एक आदर्श प्राध्यापक के रूप में स्थापित किया। उनका जाना निश्चित रूप से हमारे लिए एक शून्य की तरह है, जिसे भर पाना कठिन होगा। हम सभी उनकी सुखद, स्वस्थ और सक्रिय सेवानिवृत्ति की कामना करते हैं। डॉ. सिंह ने यह कहा कि श्यामानंद डेहरिया द्वारा स्थापित शिक्षकीय आदर्श आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देते रहेंगे। महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह ने श्यामानंद डेहरिया के सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए कहा शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक चेतना जागृत करने का कार्य किया है। उनका सरल व्यक्तित्व, अनुशासन और साहित्य के प्रति समर्पण हमेशा हमारे लिए प्रेरणास्पद रहेगा। उन्होंने न केवल एक प्राध्यापक के रूप में बल्कि एक मार्गदर्शक के रूप में भी विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त किया है। उनके अनुभव और कार्यशैली की कमी सदैव महसूस की जाएगी।

इस मौके पर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के सदस्य शंकर लाल गांधी, पूर्व छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी सीपी ठाकुर, पूर्व लिपिक संतोष यादव एवं कॉलेज के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## तम्बाकू के सेवन से बचाने की है जरूरत सभी को करने होगी पहल : प्राचर्य रश्मि



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने नशा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि अंतराष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस विश्व स्वस्थ संगठन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष 31 मई को मनाया जाता है एवं इसकी शुरुवात 1987 को किया गया था। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने युवा को तम्बाकू के सेवन से बचाने की जरूरत है। क्योंकि तम्बाकू के सेवन से स्वस्थ के साथ साथ आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती है। विश्व में प्रत्येक वर्ष लगभग 80 लाख लोग तम्बाकू के सेवन से अपनी जान गंवा रहे हैं। वही भारत मे लगभग 10 लाख लोग तम्बाकू के सेवन से गंभीर बीमारी के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि तम्बाकू में निकोटीन पाया जाता है, जिससे कैंसर जैसी खरनाक बीमारी होती है जो परिवार एवं समाज के लिए अभिशाप बन चुकी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहायक प्राध्यापक व एनईपी प्रभारी रितेश कुमार नाग ने कहा की युवा वर्ग तम्बाकू का सेवन ना करे और तम्बाकू निषेध में अपना योगदान दे। कार्यक्रम का संचालन योगेश कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि केएल मंडावी, देव कांगे, डोमेश केमरो, रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, किशन गावड़े, ईश्वरलाल सिन्हा, उपासना निषाद, ननिगोपाल बाला, जीवन साहू, नीमा मानिकपुरी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम एनएसएस एवं रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित हुआ।

# कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंतागढ़

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। राजीव भवन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकालकर संविधान बचाओ डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाए। डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर रैली को समाप्त किया गया एवं तत्पश्चात राजीव भवन में एक सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की सहमति से किया गया। आयोजित संविधान बचाओ रैली में राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव राजेश तिवारी द्वारा कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए देश मे संविधान के हनन के बारे में बताया गया कि वर्तमान की सरकार किस प्रकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर आम जनता के अधिकारों का हनन कर रही है। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी राणा भी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, जनक नंदन कश्यप पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश चंदेल, मुकेश ठक्कर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष बद्री गावड़े, विश्राम गावडे, पुष्पा ध्रुव, शांति रजक, अरुण नाग, पार्षद राकेश गुप्ता, दुर्गेश ठाकुर, अभिषेक श्रीवास्तव, पार्षद राहुल गुप्ता, तोमेश जोशी, कांग्रेस के पार्षद व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# युक्तियुक्तकरण से जिले के कई स्कूलों में लटक जाएंगे ताले, पढ़ाई होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



- राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को कर रही चौपट : सावित्री

राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के 10 हजार 463 स्कूलों के युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इसके लिए शिक्षकों की काउंसिलिंग की प्रक्रिया भी प्रारंभ होने वाली है। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय जहां युक्तियुक्तकरण को छात्रों के हित में बता रहे हैं। वहीं कॉंग्रेस पार्टी ने उसका विरोध करना प्रारंभ कर दिया है। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी जो कि पूर्व में शिक्षिका भी रह चुकी है, उन्होंने शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण आदेश के जरिए सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। शासन अपनी गलत नीतियों के कारण जो आज पूरे प्रदेश में कम से कम 10000 स्कूल बंद करने जा रहीं हैं। उसके चलते हमारे पूरे शिक्षक शिक्षिकाएं अतिशेष की श्रेणी में आ गए है। विधानसभा क्षेत्र के शिक्षकों ने मुझे युक्तियुक्तकरण के कारण होने वाली समस्याओं से मुझे अवगत कराया है। उनका कहना है कि काउंसलिंग कल है अभी तक अतिशेष का आर्डर नहीं निकला गया है। शासन द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य किया जा रहा है। स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक, बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्याह्न भोजन बनाने वाली महिला, स्व सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवनयापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा। हमारी जब कॉंग्रेस की सरकार थी तो हमने सभी बच्चों तक शिक्षा पहुचाने के लिए उनके गाँव में स्कूल खोले जिससे बच्चों को स्कूल के लिए ज्यादा दूरी तय करना ना पड़े और ऐसे स्कूलों को शासन बंद करने वाली है जिसकी निंदा करती हूं। सरकार को शराब दुकाने बंद करने की आवश्यकता है परंतु विष्णु देव साय की सरकार शराब दुकान ज्यादा से ज्यादा खोलना चाहती है। स्कूल बंद करना चाहती है जो कि हमारे प्रदेश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। सरकार को इस युक्तियुक्तकरण के आदेश को तुरंत निरस्त कर स्कूल की गुणवत्ता पर कार्य करना चाहिए। कांग्रेस युक्तियुक्तकरण के विरोध मे प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। सरकार के इस रोजगार और शिक्षा विरोधी कदम का डटकर विरोध किया जाएगा।

# बैडमिंटन स्पर्धा में खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर के प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य समापन संपन्न हुआ। इस दौरान प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम स्थित इनडोर बैडमिंटन हॉल में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता-उप विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और इनामी राशि प्रदान किया। मेन्स ओपन सिंगल्स का फाइनल मुकाबला सलमान रजा एवं राज प्रधान के बीच खेला गया, जबकि इसी वर्ग के डबल्स मुकाबले में सलमान रजा एवं क्रिस क्रिस्टोफर की जोड़ी का सामना वैभव गोयल एवं राज प्रधान से हुआ। वुमेन्स ओपन सिंगल्स का मुकाबला साव्या गुप्ता और अन्वी तेन्नेटी के मध्य खेला गया जिसमें अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते साव्या गुप्ता ने खिताब पर कब्जा जमाया। अंडर 13 का फ़ाइनल आरव लाहोटी और यथार्थ देवांगन के बीच खेला गया।

# आश्वासन के बाद न्याय यात्रा स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

कर्मचारी संगठनों द्वारा 31 मई को प्रेसवार्ता के माध्यम से अवगत कराया गया था कि कुटरू एसडीओपी बृज किशोर यादव द्वारा कर्मचारी संतोष कुंजाम तकनीकी सहायक एवं सचिव बाबूराव पुलसे पर किये गये बर्बतापूर्ण मारपीट के विरोध में एफआईआर दर्ज कराने हेतु 2 जून को अम्बेडकर चौक नया बस स्टैंड से पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक न्याय यात्रा निकाली जाएगी। उक्त न्याय यात्रा को जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच समिति उपरांत स्थगित किया गया है, रविवार सुबह पुलिस अधीक्षक के द्वारा कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, सचिव संघ, मनरेगा महासंघ के पदाधिकारियो के साथ चर्चा कर आश्वस्त किया है कि दो दिनों में निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की जायेगी। संघ द्वारा निर्णय लिया गया कि उच्च अधिकारियों के आश्वासन पर विश्वास कर वर्तमान में पीड़ितों को जब तक न्याय नहीं मिल जाता तब तक पंचायत विभाग के समस्त विकास कार्य बंद रहेंगे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अवगत कराया कि घटना 3 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक संबंधित अधिकारी कुटरू एसडीओपी बृज किशोर यादव पर कार्रवाई नहीं होने से मैदानी कर्मचारियों में भय व्याप्त है।

# ग्रामीण क्षेत्रों की शालाएं युक्तियुक्तकरण के चलते संकट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



- स्कूल व शिक्षकों के युक्तिकरण के विरोध में सर्व आदिवासी समाज की हुई बैठक

नया पारा स्थित सर्व आदिवासी समाज कार्यालय में आज जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें बस्तर जिले के समस्त आदिवासी समाज के पदाधिकारी, कर्मचारी संगठन, युवा छात्र संगठन, महिला प्रकोष्ठ समेत समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य बस्तर संभाग में शालाओं व शिक्षकों के युक्तिकरण के संदर्भ में उत्पन्न संकटों, समाज हित के मुद्दों और शिक्षा प्रणाली में हो रही गिरावट पर चर्चा करना था। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बस्तर संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 273 शालाएं, जैसे धुडमारास, कांदानार, रामपाल आदि गांवों में संचालित शालाएं, जिनका अस्तित्व युक्तिकरण के चलते संकट में है, उनका तत्काल पुनर्निर्माण किया जाए। निर्णय में कहा गया कि इन स्कूलों को बंद कर बच्चों को दूरस्थ स्थानों में पढ़ाई के लिए मजबूर करना, न केवल शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है, बल्कि यह आदिवासी बच्चों की शिक्षा के भविष्य पर कुठाराघात है। यह भी कहा गया कि जिन शालाओं की इमारतें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं या एक ही भवन में एक से अधिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस बैठक में युवा प्रभाग अध्यक्ष सन्तु मौर्य, सचिव नारायण सिंह मौर्य, भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बसंत कश्यप बस्तरिया, सुमित पोयम, चंद्रू राम मंडावी, एम के राणा, अनिल कुमार नाग, विजय कश्यप, रतु कश्यप, बंसीधर बघेल, लक्ष्मीनाथ कश्यप, गंगा बघेल, महादेव बघेल, भीमाराम नाग, लखेश्वर कश्यप, बुधराम नाग, कमलेश और सुखलाल नेताम सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# फुटपाथ पर लगी दुकान को गैरकानूनी तरीके से हटाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में फुटपाथ व्यापारी महासंघ के द्वारा हाता ग्राउंड में नगर निगम द्वारा गैर कानूनी तरीके से गरीब व्यापारियों का, दुकान हटाने का विरोध किया।



मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं फुटपाथ व्यापारी महासंघ के संरक्षक नवनीत चांद ने निगम सरकार निगम प्रशासन और राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि 2014 फुटपाथ अधिनियम, और संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ख ) भारत के नागरिक को फुटपाथ पर व्यापार करने का पूर्ण अधिकार देता है एवं निगम प्रशासन पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप विहीन व्यापार करने हेतु प्रत्येक नगर निगम, नगर पालिका नगर पंचायत में सक्षम मजिस्ट्रेट अधिकारी के अध्यक्षता में अपील समिति गठित कर शहर या कस्बे में वेंडर जोन घोषित करने का प्रावधान है। उन्होंने फुटपाथ व्यापारी महासंघ के साथ जिले के कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर एवं नगर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

मोर्चा ने व्यापारियों की समस्याओं को उठाते हुए मांग किया था कि जब तक इन व्यापारियों को बाजार के लिए स्थाई स्थान प्रावधान नहीं किया जाता तब तक के लिए अस्थाई रूप से सभी को उनके पुरानी जगह पर व्यापार करने की अनुमति प्रदान किया जाए। अगर इसी तरह गरीब व्यापारियों को न्याय नहीं प्राप्त होगा तो विवश होकर बस्तर मुक्ति मोर्चा फुटपाथ व्यापारी महासंघ के साथ कंधे से कंधे मिलाकर आंदोलन करने को विवश होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### नल जल योजना विफल, ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर

**मद्देड़।** बीजापुर जिले के ग्राम पंचायत मद्देड़ में जल जीवन मिशन का बुरा हाल है जिसकी वजह से शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रही है। सरपंच सचिव के सामने ग्रामीणों को पानी के लिए हाथ जोड़कर विनती करना पड़ रहा है। केंद्र सरकार ने गांवों के हर घर तक नल कनेक्शन देकर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए नल जल जीवन मिशन शुरू किया है। वहीं राज्य सरकार ने नल जल योजना चला रखी है। बावजूद इसके भोपालपटनम ब्लॉक के अधिकतर गांवों में जल जीवन मिशन और नल जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। भोपालपटनम ब्लॉक मुख्यालय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद्देड़ के कर्मचारी, ग्रामीण को पानी के लिए सरपंच सचिव से लेकर उच्च अधिकारी, ठेकेदार के दफ्तर का चक्कर काटना पड़ रहा है,।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411